कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 12.08.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

# अंर्तराष्ट्रीय युवा दिवस

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंर्तराष्ट्रीय युवा दिवस (एड्स दिवस) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने युवाओं एवं किशोर वर्ग में एचआईव्ही/एड्स के रोकथाम की जानकारी प्रदान की तथा छात्राओं को समाज में अधिक से अधिक जागरूकता लाने हेतु प्रेरित किया। डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि एड्स आज समाज में विकराल रूप लेता जा रहा है। जानकारी के अभाव में लोग भयभीत रहते हैं। यदि सही समय पर उन्हें एड्स के कारण और निदान हेतु जागरूक किया जाए, तो इस बीमारी से शीघ्र छुटकारा पाया जा सकता है। जागरूकता लाने में छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान आवश्यक है। डॉ0 सुषमा यादव कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि एड्स का कोई ईलाज मौजूद नहीं है लेकिन एन्टी रेट्रो वायरल दवा के नियमों का सख्ती से पालन करने से बीमारी की गति धीमी हो सकती है साथ ही माध्यमिक संक्रमण और जटिलताओं को भी रोका जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 डॉ0 आरती राठौर व आभार प्रदर्शन श्रीमती ज्योति भरणे ने किया। श्री विमल यादव एवं विजय चन्द्राकर का विशेष सहयोग रहा।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग

# अंर्तराष्ट्रीय युवा दिवस






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 16.08.2024

## //प्रेस विज्ञप्ति//
## गर्ल्स कॉलेज में
## स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वतंत्रा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया तथा अपने संबोधन में कहानी के माध्यम से नव प्रवेशित छात्राओं को देशभक्ति का महत्व समझाया।

इस अवसर पर आजादी के अमृत महोत्व के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य ने शपथ दिलाई कि हर छात्रा अपने घर में तिरंगा फहरायेगी एवं स्वतंत्रता सेनानी, वीर सपूतों की भावनाओं का सम्मान करेंगी एवं भारत के विकास और प्रगति के लिये खुद को समर्पित करेंगी।

कार्यक्रम में बी.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा कु. प्रेक्षा यादव ने कहा आज हम आजाद भारत के नागरिक है और उनका श्रेय उन वीरों को जाता है जिन्होनें सरफरोशी की तमन्ना के साथ अपने प्राणों की आहूति दे दी। बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की कु. आर्या अवस्थी ने देशभक्ति से ओत–प्रोत कविता सुनायी।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वय द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई जिसकी अगुवाई डॉ. सुषमा यादव एवं डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, एन.एस.एस. प्रभारी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया। इस अवसर पर प्राध्यापकों, कर्मचारियों के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थी। कार्यक्रम के आयोजन में विजय चन्द्रकार, विमल यादव एवं ओम ध्रुव का विशेष सहयोग रहा।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)














# //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय में "हुनर" कार्यक्रम के तत्वावधान में भारतीय पारंपरिक कलाओं की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

दुर्ग–शासकीय डॉ.वा.वा.पटानकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास इकाई के ''हुनर '' कार्यक्रम के तत्वावधान में विशिष्ट तीन भारतीय पारंपरिक कलाओं – तंजोर ,पिछवाई एवं लिप्पन आर्ट की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

विषय विशेषज्ञ श्रीमती दिव्या हुड्डर के कुशल मार्गदर्शन में इन कलाओं की बारीकियाँ समझाई और सिखाई गई। प्राचार्य डॉ.डी.सी.अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और मूल धरोहर की जानकारी देना अवशायक है ।

प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश के अनुसार ये तीनों कलाएँ अत्यंत सुंदर होने के साथ मूल्यवान भी है । हमारे देश ही नहीं विदेशों में भी इन्हें सराहा जाता है और इनकी बहुत माँग है । छात्राएँ इसमें अपना रोजगार बना सकती है ।

डॉ.तोशीना तैलंग ने राजस्थान और गुजरात की लिप्पन कला की जानकारी दी। डॉ.पूजा सोनकर ने बताया कि तंजोर एक दक्षिण भारतीय प्राचीन कला है जिसका नाम इसके उत्पत्ति शहर से रखा गया है, डॉ अनामिका वस्त्रकार ने राजस्थान की पिछवाई कला का परिचय दिया। छात्राओं द्वारा निर्मित कलाकृतियाँ की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यशाला का सफल आयोजन सुश्री तबस्सुम अली द्वारा किया गया ।

डॉ.डी.सी.अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ.वा.वा.पटानकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय दुर्ग

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

# तीन दिवसीय कार्यशाला






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 25/11/2024

## //प्रेस विज्ञप्ती//
## गर्ल्स कालेज में
## "अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मुलन दिवस" कैंपेन आयोजित

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मुलन दिवस आयोजित किया गया।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा दुनिया में सबसे प्रचलित और व्यापक मानवाधिकार उल्लंघनों में से एक है। वैश्विक स्तर पर लगभग तीन में से एक महिला को अपने जीवन में कम से कम एक बार शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना सहना पड़ता है। इस कैंपेन का उद्‌देश्य लिंग आधारित हिंसा से मुक्त दुनिया की ओर मार्ग प्रशस्त करना है।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने इस दिवस मुख्य उद्‌देश्य लोगों में लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता फैलाना एवं लोगों का समर्थन जुटाना, जिससे महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा को खत्म किया जा सके।

डॉ. मोनिया राकेश सिंह ने कहा कि भारत ही नहीं अपितु पूरी दुनिया में महिलाओं के प्रति हिंसा के मामले कम नहीं हो रहे है, भेदभाव और उत्पीड़न के मामले दिख रहे है।

इस अवसर पर डॉ. तोशिना तेलंग, सुश्री तबस्सुम, कु. लुबना आलम, कु. युक्ति देशमुख ने अपनी विचार व्यक्त किये तथा छात्राओं ने विषय-विशेषज्ञों के माध्यम से अपनी समस्याओं का निदान किया।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वंदना बंजारे एवं धन्यवाद ज्ञापन सुश्री माज़दा खातुमन ने किया तथा इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित थी।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)









कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 26/11/2024

## //प्रेस विज्ञप्ती//

## गर्ल्स कालेज में ''सामाजिक शोध की पद्धतियाँ'' (मेथड्स ऑफ सोशीयल रिसर्च) पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में शोध सलाहकार समिति के तत्वाधान से मेथड्स ऑफ सोशीयल रिसर्च पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शोध के क्षेत्र में नवाचार एवं सारगर्भित जानकारीयॉ अत्यंत आवश्यक है। जो शोध कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण होते है।

संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया की शोधार्थियों के लिए आवश्यक है कि वह उपयोगी एवं व्यवहारात्मक विषय वस्तु का चुनाव करने की क्षमता का विकास कर उच्च स्तरीय अनुसंधान करें जो की सामाजिक उपयोगिता रखें इस कार्यशाला में अनुसंधान के नवीन प्रविधियाँ, समाजशास्त्रीय अनुसंधान में वस्तुनिष्ठता की समस्या, तथ्यों के संकलन की प्रविधियाँ आदि की जानकारी विषय विशेषज्ञ द्वारा प्रदान की गई।

डॉ. मोनिया राकेश सिंह, डॉ. मोहम्मद शोएब, डॉ. दीपक कश्यप ने सारगर्भित जानकारी दी। विद्यार्थियों ने कार्यशाला में बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यशाला का संचालन डॉ. पूजा सोनकर एवं डॉ. अनामिका वस्त्राकर ने किया।

***समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।***

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)











कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 30/11/2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

# कन्या महाविद्यालय में "इंटरनेशनल कंप्यूटर सिक्योरिटी डे" मनाया गया

शा.डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्ना.महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा 30 नवंबर 2024 को इंटरनेशनल कंप्यूटर सिक्योरिटी डे मनाया गया, इस अवसर पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल, गेस्ट लेक्चर श्री दीपक दास मानिकपुरी, विभाग के विभागाध्यक्ष श्री गणेश राम नायक, सहायक प्राध्यापक जागृत ठाकुर, श्रीमती नीकू साहू, कु. प्रीति गुप्ता एवं पी.जी.डी.सी.ए, बी.एस.सी (सी.एस) के विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष श्री जी. आर. नायक ने अन्तराष्ट्रीय कंप्यूटर सुरक्षा दिवस के इतिहास के बारे मे बताते हुए विद्यार्थियों को मोबाइल डिवाइस में स्ट्रोंग पासवर्ड रखने ऑपरेटिंग सिस्टम एवं एप्लीकेशन सॉफ्टवेर को रेगुलर अपडेट करने एवं एप्लीकेशन सॉफ्टवेर को ट्रस्टेड सोर्स से डाउनलोड करने एवं रिक्वायर्ड परमिशन देने से सम्बंधित बातोँ को बताया।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए ऑनलाइन फ्रोड एवं ए.आई. के द्वारा होने वाले फ्रोड के बारे में बताया एवं बचने कि सलाह दिया।

कार्यक्रम के अगली कड़ी में गेस्ट लेक्चरर श्री दीपक दास मानिकपुरी ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया और उन्होंने ऑनलाइन, ऑफलाइन फ्रोड के साथ–साथ वायरस, एंटी वायरस एवं सिक्योरिटी टर्मिनोलॉजी के बारे में विस्तार से चर्चा किया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)

# शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)







कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 04.12.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

## कन्या महाविद्यालय में
## अंर्तराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर प्रतिभाशाली छात्रा संतोषी का सम्मान

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय दुर्ग में रेडक्रॉस के तत्वाधान में अंर्तराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का आयोजन किया गया। समाज में दिव्यांगजनों को सामान्य एवं बराबरी का दर्जा प्रदान करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

इस दिवस का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज में समुचित एवं बराबरी का अधिकार प्रदान करना है। इसके माध्यम से नागरिकों को दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाता है। दिव्यांगजन के असक्षमता के मुद्दे पर नागरिकों का ध्यान खींचने एवं इनके द्वारा प्रतिदिन के जीवन में सहन की जा रही कठिनाईयों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए यह दिवस महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने बताया कि इन विशेषजनों के लिए महाविद्यालय में विशेष सुविधाऐं उपलब्ध हैं, साथ ही महाविद्यालय परिवार के इन विशेषजनों ने अपने कार्यों से विशिष्ट पहचान बनायी है। वर्तमान में इस महाविद्यालय की दिव्यांग छात्राऐं समाज में अपनी सेवाएं दे रही है और महाविद्यालय को गौरान्वित कर रही है।

यूथ रेडक्रॉस प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने बताया कि इस वर्ष की थीम ''एक समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए विकलांग व्यक्तियों के नेतृत्व को बढ़ावा देना'' है। सभी के लिए अधिक समावेशी और टिकाऊ दुनिया बनाने में विकलांग व्यक्तियों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने के लिए एक वैश्विक आह्वाहन है। हम सभी का नैतिक एवं मानवीय दायित्व बनता है कि अपने आसपास के सभी दिव्यांगजनों की सहायता करें एवं उनके साथ उचित एवं गरिमापूर्ण व्यवहार प्रदर्शित करें।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा संतोषी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 एम0 लक्ष्मी प्रसूना ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 तोषिना तैलंग ने किया।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# अंर्तराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर प्रतिभाशाली छात्रा संतोषी का सम्मान






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 14.01.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

## युवा दिवस

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल द्वारा विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलित की गई। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विवेकानंद जी को छोटी सी उम्र में ही आध्यात्म के प्रति विशेष लगाव था। पुस्तकों में उन्हें विशेष रूचि थी। उनकी स्मरण शक्ति तीव्र थी। उन्होंने छात्राओं को उनका अनुशरण करने के लिए प्रेरित किया। नेहरू युवा केन्द्र की अतिथि वक्ता आरती मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की शिक्षा ज्ञान का खजाना है। वे आत्मविश्वास, ज्ञान की खोज, आत्मसुधार, दूसरों की सेवा और भाईचारे के महत्व पर जोर देते थे। उनका आदर्श वाक्य 'उठो जागो और तब तक मत रूको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।' आज भी उनका यह वक्तव्य दुनिया के लाखों युवाओं को प्रेरित करता है।

डॉ0 सुषमा यादव ने कहा कि विवेकानंद जी विचारों, मूल्यों और आदर्शों को देश के हर युवा तक पहुंचाना यही राष्ट्रीय युवा दिवस का उद्देश्य है। इस अवसर पर चंचल यादव, ममता महानंद, यशश्वी और सुष्मिता ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 आरती सिंह राठौर व आभार प्रदर्शन डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने किया। इस अवसर पर डॉ0 मुक्ता बाखला, श्रीमती ज्योति भरणे, डॉ0 मोनिया राकेश सिंह उपस्थित थे।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

युवा दिवस


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
जिला- दुर्ग (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
जिला- दुर्ग (छ.ग.)
राष्ट्रीय सेवा योजना
Jan 11, 2025, 12:08

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 26.01.2025

## //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया तथा अपने संबोधन में कहा कि हम सभी इस साल 76 गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस की थीम है स्वर्णिम भारत विरासत और विकास - "Golden India Heritage and Progress" जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और समृद्धि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की आकांक्षाओं पर केन्द्रित है। उन्होनें कहा कि हम सबको मिल-जुलकर महाविद्यालय को एक नई ऊर्चाइयों तक ले जाना है, एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपको भी महाविद्यालय के विकास में योगदान देना है और महाविद्यालय द्वारा आयोजित गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना

इस अवसर पर तिरंगे के रंगों के गुब्बारे उड़ाए गये। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. अमिता सहगल, एन.एसएस. अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. सुषमा यादव एवं एन.एस.एस. की छात्राएँ तथा पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित था।

कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने किया। इस अवसर पर प्राध्यापकों, कर्मचारियों के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थी।





*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 28.02.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

गर्ल्स कॉलेज में

## एक दिवसीय कार्यशाला

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास प्रकोष्ठ एवं यंग इण्डिया, दुर्ग के तत्वाधान में बिल्डिंग अ स्ट्रॉग फाइनेन्स कॅरियर विथ ए आई फ्राम रिश्यूमस् टू जॉब्स पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आर्टिफिसियल इन्टेलिजेन्स मशीन लर्निंग रोबोटिक्स का महत्व बताते हुए छात्राओं को इनकी आवश्यक जानकारी अर्जित करने का आवाह्न किया। प्रभारी डॉ0 रेशमा लाकेश ने बताया कि महाविद्यालयीन कौशल विकास प्रकोष्ठ द्वारा लगातार छात्राओं को नवीन तकनीक से अपडेट किया जाता है जिसके तहत् इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यंग इण्डिया दुर्ग के श्री सूरज सोनी, चाटर्ड एकाऊण्टेंट द्वारा छात्राओं को आर्टिफिसियल इन्टेलिजेन्स का उपयोग कर सशक्त कैरियर बनाने के साथ ही विभिन्न रोजगार एवं रेसीयुम आदि में करने की बारीकियों से अवगत कराया गया। इस रोचक कार्यशाला में श्री हर्ष जैन, श्री वेदान्त कनीबर एवं लगभग 200 छात्राओं ने भागीदारी निभाई। कार्यशाला का संचालन श्रीमती शिल्पा सुराना एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया।

*टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवातस्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# एक दिवसीय कार्यशाला









कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम-शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788-2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग दिनांक : 22/03/2025

// प्रेस विज्ञप्ति//

## गर्ल्स कॉलेज में
## विश्व वानिक एवं विश्व जल दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के भूगोल विभाग द्वारा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विश्व वानिकी एवं विश्व जल दिवस का आयोजन 21 मार्च व 22 मार्च 2025 के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर उन्होनें बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के 28 नवम्बर 2012 के प्रस्ताव द्वारा 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस की स्थापना की गई प्रत्येक वर्ष विभिन्न कार्यक्रम वर्तमान और भविष्य के पीढ़ियों के लाभ के लिए सभी प्रकार के वनों और वनों के बाहर के पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता विश्व वन दिवस मनाते है। उसी प्रकर बढ़ाते है और विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्व जल के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी धान केन्द्रित करना है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष विश्व वानिकी दिवस मनाने का उद्देश्य यह है कि प्रत्येक वर्ष 13 मिलियन हेन्टेयर से अधिक जंगल नष्ट हो जाते है यह इंग्लैण्ड के आकार के बराबर है जैसे वनों की स्थिति में कमी होती है वैसे ही उनमें पाए जाने वाले पौधे और पशु प्रजातियाँ भी खत्म होती है। उसी प्रकार विश्व जल दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी जीवित प्राणियों की उत्पत्ति जल में हुई है वैज्ञानिक अब पृथ्वी के अलावा अन्य ग्रहों पर पहले पानी की खोज को प्राथमिकता देते है। पानी के बिना जीवन संचालित ही नहीं हो पायेगा। इसी कारणवश अधिकांश संस्कृतियां नदी के पानी के किनारे विकसित हुई है।

कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए श्री नितिन कुमार देवांगन ने कहा कि इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस 2025 को ''वन और भोजन'' के थीम के तहत तैयार किया गया है जिसमें भोजन, पोषण और आजीविका में वनों की मौलिक भूमिका को मान्यता दी गई है। उसी प्रकार विश्व जल दिवस वैश्विक जल संरक्षण के वास्तविक क्रियाकलापों को प्रोत्साहन देने के लिए विश्व जल दिवस को सदस्य राष्ट्र सहित संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाया जाता है। विश्व जल दिवस 2025 का थीम - ''ग्लेशियरों का संरक्षण है'' क्योंकि ग्लेशियर पहले से कहीं ज्यादा तेजी से पिघल रहे है। अतः इसका संरक्षण आवश्यक है जो कि प्रमुख ताजे पानी के स्त्रोत है।




*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 09/04/2025

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## कन्या महाविद्यालय में मशरूम कल्टीवेशन विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में वनस्पतिशास्त्र, माइक्रोबायो, प्राणीशास्त्र तथा रसायनशास्त्र विभाग द्वारा एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में दो दिवसीय कार्यशाला ‘‘हैण्ड्स–ऑन ट्रेनिंग ऑन मशरूम कल्टीवेशन’’ का समापन किया गया।

कार्यशाला के अंतिम दिवस में डॉ.एच.के.सिंह, साईन्टिस्ट प्लान्ट पैथोलॉजी विभाग एग्रीकल्चर कॉलेज रायपुर द्वारा ऑइस्टर मशरूप प्रोडक्शन की हैण्ड्स ऑन ट्रेनिंग के प्रतिभागियों को प्रस्तुत किया। डॉ. एचम.पी. ठाकुर, डीन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ने मशरूम प्रोसेसिंग और पैकेजिंग पर व्याख्यान व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. सी.एस. शुक्ला, साईन्टिस्ट प्लान्ट पैथोलॉजी विभाग एग्रीकल्चर कॉलेज रायपुर द्वारा बटन मशरूम प्रोडक्शन पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. चाँदनी अफसाना तथा अंत में श्रीमती कविता वैष्णव द्वारा आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. एम.एल. प्रसुना, डॉ. लता मेश्राम, डॉ. मो. शोयेब, डॉ. दीक्षा जोशी, कु. प्रीति चन्द्राकर ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)




"Hands-on training on Mushroom Cultivation"
CERTIFICATE







कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23.04.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

# विश्व पृथ्वी दिवस

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के वनस्पतिशास्त्र, भूगोल विभाग एवं प्राणीशास्त्र के संयुक्त तत्वाधान एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विविध प्रतियोगिताओं के साथ अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रारंभ में प्रातः 11 बजे विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई जिसमें पर्यावरण तथा पृथ्वी संरक्षण पर नारे लगाये गए। तत्पश्चात् विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई जिसमें श्लोगन प्रतियोगिता में 22, पोस्टर प्रतियोगिता में 12 तथा भाषण प्रतियोगिता में 11 छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ0 मधुलिका रॉय, से0 नि0 विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र, शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उतई, जिला– दुर्ग अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। विश्व पृथ्वी दिवस पर उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए ''हमारी शक्ति हमारी पृथ्वी है'' विषय पर व्याख्यान दिया। पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखना हम सभी का दायित्व है साथ ही पर्यावरण का संरक्षण एवं समाधान पर व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विधि खरे, द्वितीय स्थान पर लिलेश्वरी साहू एवं जैनब निजामी तथा फरहाना परवीन तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम रोशनी गेन्ड्रे, द्वितीय स्थान पर वंदन कुंजाम एवं आरती निर्मलकर तथा येश्वर्या तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम लिलेश्वरी साहू द्वितीय स्थान पर आर्या अवस्थी एवं कुसुम देशमुख तथा अंकिता पॉल तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर डॉ0 एम0 लक्ष्मी प्रसूना, विभागाध्यक्ष, वनस्पतिशास्त्र, डॉ0 सुषमा यादव, विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग एवं डॉ0 लता मेश्राम, विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र, डॉ0 शोएब सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 चांदनी अफसाना, अतिथि व्याख्याता एवं आभार प्रदर्शन कु0 दीक्षा जोशी, अतिथि व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर श्रीमती कविता वैष्णव, कु0 प्रीति चन्द्राकर, श्री नितिन देवांगन के साथ महाविद्यालयीन छात्राऐं उपस्थित रहीं।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# विश्व पृथ्वी दिवस


GOVT. DR. W.W. PATANKAR GIRL'S PG COLLEGE,
DURG (C.G.)
WORLD
EARTH DAY
APRIL 22
PATANKAR GIRLS PG COLLEGE, DURG


शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
GOVT. DR. W.W. PATANKAR GIRL'S PG COLLEGE,
DURG (C.G.)
WORLD
EARTH DAY
APRIL 22nd



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602 AISHE Code : C-21647

दिनांक : 25/04/2025

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## कन्या महाविद्यालय में

## “Cloud Computing, Generative AI and MS Office” पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कम्प्यूटर साईन्स विभाग एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में दो दिवसीय कार्यशाला **“Cloud Computing, Generative AI and MS Office”** का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कम्प्यूटर साईन्स विभाग के विभागाध्यक्ष श्री गणेश राम नायक ने Generative AI, Cloud Computing को उसके Advantage और Disadvantage को संक्षिप्त में बताया।

महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया ने AI के अनुप्रयोग और उसके दुरूपयोग से होने वाले धोखाधड़ी के बारे में बताया।

कार्यशाला के प्रथम दिवस में श्री दिलीप कुमार साहू, सहायक प्राध्यापक (कम्प्यूटर एप्लीकेशन) शाासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग से थे, उन्होनें Generative AI और MS Office विषय पर विस्तृत में चर्चा किया जिसमें, Prompt या Topic चयन करके कैसे Online PPT बनाया जाता है, Text से Image और Video Generation, Online Quiz कैसे बनाया जाता है और कैसे Attempt किया जाता है आदि Topic के साथ-साथ MS- Word, Excel और Powerpoint के बारे में भी विस्तृत चर्चा किया गया।

प्रथम दिवस के कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नीकू साहू ने किया और जागृत ठाकुर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्रायें उपस्थित थी।

टीप- समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)


GOVT. DR. W.W. PATANKAR GIRLS' PG
COLLEGE, DURG (C.G.)
Two Days Workshop On
“CLOUD COMPUTING, GENERATIVE AI &
MS- OFFICE”
Organized by
Department of Computer Science
Understanding
GENERATIVE
AI,
Office
25th and 26th
Venue




GPS Map Camera